RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



जेब खर्च के लिए होटल में नौकरी करनी पडी थी सोनम कपूर को

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 142 | MONDAY DATE 15-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## यमुना सफाई अभियान में जुटी भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत बोलीं, अगले दो साल में दिखेगा बदलाव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

दिल्ली के कई इलाकों में रविवार को 'यमुना सफाई अभियान' चलाया गया, जिसमें खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। उनके साथ तमाम वरिष्ठ अधिकारी, मंत्री, विधायक और सांसद भी इस अभियान में शामिल हुए। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत वजीराबाद घाट पर सफाई अभियान में शामिल हुईं।

भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत के साथ एमसीडी शाहदरा




नॉर्थ जोन की डीसी ममता यादव और अन्य अधिकारियों ने यमुना सफाई अभियान में भाग लिया। इस दौरान लोगों से यमुना नदी में कूड़ा न फेंकने और सफाई बनाए रखने की अपील भी की गई। इस दौरान आईएएनएस से बातचीत में कमलजीत सहरावत ने कहा कि यमुना नदी दिल्ली के लिए सांस्कृतिक और जल, दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, लेकिन यमुना की गंदगी और प्रदूषण चिंता का विषय है। भाजपा की तरफ से हमेशा यमुना को लेकर चिंता जाहिर की गई है। पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों से कहा था कि अगर लोगों का समर्थन मिलेगा तो हम यमुना को साफ कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने और रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही यमुना की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यमुना नदी हमारी भावनाओं से जुड़ी हुई है। ऐसे में आज भाजपा से जुड़े लोग श्रमदान देने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार जिस तरह यमुना की सफाई पर काम कर रही है, उससे उम्मीद है कि आने वाले एक से दो साल के भीतर यमुना को साफ करने में सफलता मिल जाएगी। यमुना नदी श्रद्धा का केंद्र है, ऐसे में लोगों से निवेदन है कि वे यमुना की सफाई में अपना योगदान दें, श्रमदान करें और सरकार की योजनाओं का समर्थन करें, ताकि जल्द से जल्द यमुना की सफाई हो सके।

## टेक प्रोवाइडर के रूप में उभरा भारत : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

भारत बीते एक दशक में टेक्नोलॉजी अपनाने वाले देश से एक टेक प्रोवाइडर के रूप में उभरा है और देश से निकलने वाले समाधान और इनोवेशन में मानवता के एक बड़े हिस्से को लाभ पहुंचाने की क्षमता है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिया।

फ्रांस के नीस शहर में हो रही ह्यभारत इनोवेट्स समिटह्न के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा,ह्यएक दशक पहले, दुनिया भारत को मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी अपनाने वाले देश के तौर पर देखती थी, लेकिन आज भारत तेजी से टेक्नोलॉजी देने वाले देश के रूप में उभर रहा है। भारत से निकले इनोवेशन और समाधानों में मानवता के एक बड़े हिस्से को फायदा पहुंचाने की क्षमता है। ह्यभारत इनोवेट्सह्न इसी सोच को आगे बढ़ाता है और यह दुनिया के लिए एक निमंत्रण है कि वे भारत के साथ मिलकर काम करें और ग्लोबल इनोवेशन के अगले अध्याय को साथ मिलकर तैयार करें।ह्न

उन्होंने आगे कहा कि इनोवेशन भारत के डीएनए में समाहित है। हजारों सालों से भारत



ने अपनी खोजों और ज्ञान से दुनिया का मार्गदर्शन किया है। गणित से लेकर खगोल विज्ञान तक, और चिकित्सा से लेकर योग तक, भारत का योगदान पूरी मानवता के लिए आधारभूत रहा है। आज हम इसी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे नई दिशा व गति दे रहे हैं।

मानवता को भारत की प्राथमिकता बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐसी टेक्नोलॉजी है जो मानवता की सेवा करे। इसी सिद्धांत ने हमारे डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाया है और यही भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का आधार है। आगे कहा कि हमारा विजन ह्यएआई फॉर ऑलह्न (सभी के लिए एआई) के सिद्धांत पर आधारित है, जो हर व्यक्ति की भलाई और खुशी के लिए समर्पित है।

### ह्यभारत इनोवेट्सह्न का मंच हमारे देश की प्रतिभा और यूरोपियन कैपिटल के बीच का ब्रिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नीस में भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां भारत की युवा सोच को यूरोपीय विशेषज्ञता से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस पहल को गौरवान्वित करने वाला पल बताया। उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा, ह्यआज मैं गर्व से कह सकता हूं कि ये इनिशिएटिव उसी दिशा में एक कदम है। भारत इनोवेट्स का ये मंच भारत के टैलेंट और यूरोपियन कैपिटल के बीच एक ब्रिज बन रहा है। एक ऐसा प्लेटफॉर्म जहां भारत के यंग माइंड्स को यूरोपियन एक्सपर्टीज से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

## ह्यसमझौतावादी प्रधानमंत्रीह्न की चुप्पी बर्दाश्त नहीं : राहुल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ह्यसमझौतावादी प्रधानमंत्रीह्न बताते हुए उन पर अमेरिका के सामने चुप्पी साधने का आरोप लगाया और कहा कि देश के सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ ही दिन बाद न तो अमेरिका की ओर से अफसोस जताया गया और न ही माफी मांगी गई।इसके उलट, अमेरिका की ओर से कहा जा रहा है कि ह्यअमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन किया जाएह्न और किसी भी उल्लंघन को ह्यबर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ह्न उनका कहना है कि कोई भी स्वतंत्र देश इस तरह की भाषा को कभी स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ह्यसमझौतावादी प्रधानमंत्री देश के सम्मान की रक्षा नहीं करेंगे, क्योंकि ह्यजो लोग देश का अपमान करते हैं, वे उन्हीं के वश में हैं।ह्न प्रधानमंत्री की चुप्पी यह दर्शाती है कि वह अमेरिका के निर्देशों के सामने झुक रहे हैं।



## अखिलेश ने राम मंदिर चढ़ावा विवाद को सनातन के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया, एसआईटी जांच पर भी उठाए सवाल

**आगरा, यूटर्न/ 14 जून ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद और उसकी जांच के लिए एसआईटी गठन पर सवाल उठाते हुए इसे सनातन परंपरा के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यदि प्रभु श्रीराम के चढ़ावे को लेकर कोई विवाद पैदा हुआ है तो उसका समाधान आपसी संवाद से होना चाहिए, न कि ऐसी स्थिति पैदा की जानी चाहिए जिससे धार्मिक आस्थाओं पर सवाल खड़े हों। आगरा में रविवार को आयोजित ह्यविजन इंडियाह्न कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि राम मंदिर के चढ़ावे की जांच अधिकारियों द्वारा किए जाने की नौबत आना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह विषय करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है और इससे जुड़े घटनाक्रम पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। सपा प्रमुख ने भाजपा पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर सरकार के पास जवाब नहीं है, इसलिए लगातार नए विवाद खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण का भी जिक्र किया और कहा कि देश को विश्वगुरु बनाने के दावे करने वाली सरकार युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं रख सकी। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। समय से पूर्व विधानसभा चुनाव की अटकलों पर पूछे गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार पंचायत चुनाव तक समय पर नहीं करा पा रही है।



## जरूरतमंदों के साथ खड़ी है सरकार, हर उचित समस्या का कराएगी निदान : योगी

» **गोरखपुर, यूटर्न/ 14 जून ।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर 'जनता दर्शन' किया। यहां प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 200 लोग अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी की समस्या सुनी और उचित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, सभी की उचित समस्या का निदान कराएगी।

सीएम योगी ने मामलों के निस्तारण के लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और समयसीमा के भीतर होना चाहिए। 'जनता दर्शन' में पुलिस व राजस्व संबंधी




शिकायतों पर सीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। समयसीमा के भीतर पीड़ितों को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप परिजनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

## नापाक हरकतें बंद कर दे पाकिस्तान, नहीं तो अब दाना-पानी कर देंगे बंदः राजनाथ

» **आगरा, यूटर्न/ 14 जून ।**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगरा की इस धरती पर वीरता, स्वाभिमान और देशभक्ति के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करके मुझे बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में जहां भी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए मुझे आमंत्रित किया जाता है, मैं बराबर हर कार्यक्रम में पहुंचता हूं। एक कार्यक्रम को भी



मैं छोड़ता नहीं हूं। मैं मानता हूं कि महाराणा प्रताप का शौर्य, त्याग और संघर्ष इतना बड़ा है कि देश उनको कभी भूल नहीं सकता।

राजनाथ सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा ही नहीं थे, बल्कि वह भारत की एक सोच के प्रतीक थे, जो किसी भी कीमत पर अपने आत्मसम्मान और मूल्यों से समझौता नहीं कर सकते थे। अकबर ने तो महाराणा प्रताप से समझौता करने की कोशिश की। अगर महाराणा चाहते थे तो अकबर के साथ समझौता कर लेते और महलों में बहुत ही सुख एवं आनंद से अपनी जिंदगी काट सकते थे, लेकिन उन्होंने महलों का कोमल बिस्तर छोड़कर पत्थरों पर सोना मंजूर किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू में बीएसएफ अधिकारी ने खुद को गोली मारी, जांच जारी

**जम्मू, यूटर्न/ 14 जून ।** जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के एक जूनियर लेवल अधिकारी ने रविवार को कथित तौर पर एक कैंप के अंदर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में बीएसएफ के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) ने कथित तौर पर कैंप के अंदर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मध्य प्रदेश के रहने वाले एएसआई लाल सिंह शहर के बाहरी इलाके में स्थित बीएसएफ के पलौरा कैंप में तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या के लिए अपनी सर्विस राइफल का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने कहा, ह्यसूचना मिलने के तुरंत बाद बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे।

### कन्नूर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

**कन्नूर, यूटर्न/ 14 जून ।** केरल के कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गईं। हालांकि, हवाई अड्डे और संबंधित विमानों की व्यापक जांच के बाद यह धमकी पूरी तरह झूठी साबित हुई। मामले में मट्टनूर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर एयरपोर्ट प्रशासन और दो विमानन कंपनियों की कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया था कि हवाई अड्डे पर विस्फोटक लगाए गए हैं और जल्द ही बम विस्फोट किया जाएगा। धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों, बम निरोधक दस्ते और पुलिस ने तत्काल सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया। पूरे हवाई अड्डे परिसर, टर्मिनल भवनों और संबंधित विमानों की गहन तलाशी ली गई।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के एक रेस्टोरेंट में लगी आग, 3 सिलिंडर फटे, दूसरी मंजिल पर फंसी बुजुर्ग महिला को बचाया गया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** दिल्ली के कालकाजी इलाके में रविवार सुबह एक रेस्टोरेंट में जबरदस्त आग लग गई। आग लगने के बाद तीन कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों में धमाके हुए। इससे आग तेजी से पूरे रेस्टोरेंट में फैल गई। हालांकि, इस अफरातफरी के बीच दमकल कर्मियों ने एक जोखिम भरा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और दूसरी मंजिल पर फंसी एक बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। यह रेस्टोरेंट देश बंधु गुप्ता कॉलेज के पास स्थित है। आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है। आग लगने की घटना पर एसडीएम वेद प्रकाश ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'मुझे सुबह करीब 5:15 बजे इस घटना के बारे में कॉल आया। वहां एक रेस्टोरेंट था और उसके ऊपर एक बैंक्वेट हॉल था। फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और स्थिति को काबू में किया गया। उस समय रेस्टोरेंट खुला नहीं था। ऐसा लगता है कि आग ऊपर की मंजिल पर बने एक अस्थायी ढांचे में लगी थी। आग लगने की सही वजह अभी साफ नहीं है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की संभावना हो सकती है। बगल की इमारत से सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। वहां करीब 10 से 12 लोग थे... हमारी टीम मौके पर स्थिति संभाल रही है और जिला मजिस्ट्रेट के भी जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है।'

### दिल्ली के शकरपुर में युवक पर चाकू से हमला, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। घायल अवस्था में मिले युवक को राहगीर की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, शनिवार को देर रात करीब 1:45 बजे थाना शकरपुर में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें सूचना दी गई कि प्रीत विहार स्थित मलिक रेडिक्स अस्पताल में एक अज्ञात घायल व्यक्ति को भर्ती कराया गया है, जिसके शरीर पर चाकू से हमले के निशान हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान कॉल करने वाले अंकित शंकर (30), निवासी शकरपुर, ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मदर डेयरी फ्लाईओवर से लक्ष्मी नगर मेट्रो रेड लाइट की ओर जाने वाले मार्ग के पास एक युवक को घायल अवस्था में पड़ा देखा था।

# मंत्री रविंदर इंद्राज सिंह ने पूठ खुर्द में 10 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरूआत की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**



दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री और बवाना के विधायक रविंदर इंद्राज सिंह ने रविवार को दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड फंड के तहत पूठ खुर्द गांव में 10 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। अधिकारी ने एक बयान में कहा कि इन परियोजनाओं में गांव की सड़कों को मजबूत करना, फुटपाथ बनाना, नालियों का विकास और जल निकासी व्यवस्था व नागरिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए कई अन्य कार्य शामिल हैं।

रविंदर इंद्राज सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से पूठ खुर्द और आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जलभराव की समस्या कम होगी और स्थानीय निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, ॒ग्रामीण इलाकों में आपसी कनेक्टिविटी को मजबूत करने से रोजाना आने-जाने में आसानी होगी, व्यावसायिक गतिविधियों तक पहुंच बेहतर होगी और जरूरी सार्वजनिक सेवाओं तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। यह पहल दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।॒ रविंदर इंद्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड फंड से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में आधुनिक और बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि पूठ खुर्द में शुरू की गई विकास परियोजनाएं केवल सड़कों और नालियों के निर्माण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें गांव के समग्र विकास, जीवन की बेहतर गुणवत्ता और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक सोच के साथ तैयार किया गया है। मंत्री ने कहा कि मजबूत सड़कें, कुशल जल निकासी व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी ही टिकाऊ ग्रामीण विकास का आधार हैं।

उन्होंने कहा कि बस एक दिन पहले ही दीप विहार में 20 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएं शुरू की गई थीं और अब पूठ खुर्द में 10 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि यह बवाना विधानसभा क्षेत्र के विकास के प्रति सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता और केंद्रित दृष्टिकोण को दशार्ता है। आने वाले समय में ये विकास पहल जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देंगी और क्षेत्र के लोगों को इन परियोजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा और वे इनके सकारात्मक प्रभाव को महसूस कर सकेंगे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के माध्यम से, बवाना विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और कॉलोनी में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में विकास, स्वच्छता, परिवहन सुविधाओं और नागरिक बुनियादी ढांचे के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त परियोजनाएं भी शुरू की जाएंगी, ताकि ग्रामीण दिल्ली को विकास की मुख्यधारा से और बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके।

# रैड शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन




» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 14 जून। भारतीय रेड क्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं महासचिव डा. सुनील कुमार तथा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रैड शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शनि मंदिर उमरी , जिला कारागार कुरुक्षेत्र, पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र, व ग्राम पंचायत बिहोली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया ।

इन शिविरों में लगभग 125 यूनिट एकत्रित किया गया ।

उन्होंने कहा कि एक अन्य कार्यक्रम में रैड क्रॉस भवन कुरुक्षेत्र के अंदर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली अनेकों संस्थाओं व स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया, जिससे मेहर चंद मेहंदीरता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी,जन सहयोग हेल्प हेल्प एंड हेल्प, संत निरंकारी मिशन ,सर्व समाज कल्याण सेवा समिति, यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी, झांसा ,महादेव ब्लड सेवा ,मित्र जन सेवा और सहयोग समिति, शांति नारायण जन सेवा समिति, सौरव गुप्ता गुरप्रीत सिंह स्टार रक्त दाता मुरली शर्मा, तेजवीर सिंह ,मिथुन समाना , रामकुमार अन्य शामिल रहे। इस अवसर पर रमेश चौधरी सचिव रेड क्रॉस द्वारा उपस्थित जनों को रक्त के क्षेत्र में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई गई, रमेश चौधरी ने कहा कि जब भी रक्त की आवश्यकता होती है, तो सबसे पहले हमें अपने परिवार के अंदर ही एक रक्तदाता को देखें, ओर यह निश्चित है कि अधिकतर परिवारों में एक स्वस्थ रक्तदाता है, बस उस पर गहराई से सोचने की जरूरत है ।

उन्होंने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से कहा कि सभी मिलकर 8 मई, 14 जून, 1 अक्टूबर, 1 दिसंबर जैसे विशेष अवसरों पर मेघा रक्तदान शिविर का आयोजन करें। इस अवसर पर ओमप्रकाश लिपिक, प्रकाश चंद्र तकनीशियन, जसपाल सिंह, देवी रानी, पंकज, धर्मपाल व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे ।



### दिल्ली एयरपोर्ट पर आग से निपटने की तैयारियों का परीक्षण, सीआईएसएफ ने की मॉक ड्रिल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

दिल्ली एयरपोर्ट पर आग लगने जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए रविवार को फायर इंसिडेंट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह अभ्यास सीआईएसएफ के कमांडेंट (प्रशासन) रविश कुमार सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। एपीएस-सीआईएसएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। अभ्यास के दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति तैयार कर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल के तहत यात्रियों की सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन), रेस्क्यू ऑपरेशन तथा घायलों के प्रबंधन (कैजुअल्टी मैनेजमेंट) की प्रक्रियाओं को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुरूप अंजाम दिया गया। इस दौरान विभिन्न टीमों की प्रतिक्रिया क्षमता और आपसी तालमेल का भी परीक्षण किया गया। सीआईएसएफ के अनुसार, इस प्रकार की फायर सेफ्टी मॉक एक्सरसाइज आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता को परखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

» **परमिंदर सिंह**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 14 जून । अग्रवाल सभा सेक्टर 5 कुरुक्षेत्र द्वारा आज शिव मंदिर हॉल सेक्टर 5 में एक विशाल फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान श्री अनिल गर्ग ने बताया इस कैंप के दौरान डॉक्टर अनीश सिंगला दंत चिकित्सक (राजवंशी क्लिनिक कुरुक्षेत्र)व उनकी टीम तथा डॉक्टर अंशुल मंगला(मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरूक्षेत्र )व उनकी टीम के द्वारा लोगों का चेकअप व निशुल्क दवा वितरण किया गया। कैंप के दौरान एउऋ इटऊ ढऋछ, इढ, इछडडऊ रवऋअफव छऋछ आदि टेस्ट निशुल्क किए गए। कैंप के दौरान 200 प्लस लोगों के टेस्ट, निशुल्क विशेषज्ञ परामर्श व निशुल्क दवा वितरण किया गया। कैंप के दौरान डॉक्टर अंशुल मंगला के साथ डॉक्टर प्रियंका गर्ग (इंटरनल मेडिसिन ) व डॉक्टर हरजोत सिंह (ऑर्थोपेडिक) द्वारा निशुल्क जांच की गई ।कैंप में अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान श्री अनिल गर्ग उप प्रधान श्री सुनील मित्तल महासचिव प्रवेश गुप्ता कैशियर श्री प्रवीण गुप्ता सहसचिव श्री विपिन गुप्ता प्रोजेक्ट इंचार्ज एडवोकेट सचिन गुप्ता संरक्षक श्री अतुल गर्ग श्री जय नारायण गुप्ता श्री रमेश गर्ग श्री अशोक सिंगला श्री रिशी प्रकाश गुप्ता श्री श्रीकृष्ण गोयल श्री अवनीश गोयल, श्री विनोद सिंगला श्री सुरेश गर्ग श्री नरेश सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य श्री देवराज जैन श्री एमपी गुप्ता श्री मनीष जिंदल, ऑडिटर श्री प्रवीण गोयल व संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर के प्रधान श्री विशाल सिंगला, अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान श्री सुशील सिंगला,समाजसेवी श्री संजीव सिकरी, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर के पूर्व उप प्रधान श्री प्रदीप सिंगला, समाजसेवी राजेश सिंगला ,श्रीमती निशी गुप्ता , श्री विनोद गर्ग ने अपनी सहयोगियों के साथविशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### पत्नी की हत्या करने की कोशिश के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-क्कटीम ने घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। आरोपी साजिद अली अपनी पत्नी को जान से मारने की नीयत से लगातार हमले कर रहा था और हत्या की कोशिश के मामले में अदालत द्वारा घोषित अपराधी था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर गाजियाबाद के इकरामनगर, लोनी क्षेत्र से साजिद अली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा कर टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस की ओर से हुई पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि आरोपी साजिद 7वीं कक्षा तक पढ़ा-लिखा है और मुस्तफाबाद, लोनी, उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी है।

# धानक समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान, कबीर साहेब प्रकटोत्सव भव्य रूप से मनाने का लिया निर्णय

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यूटर्न/ 14 जून । धानक समाज जिला पानीपत की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को धानक भवन (कबीर छात्रावास), हुड्डा सेक्टर-6, पानीपत में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धानक समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा जिला सचिव कृष्ण दुग्गल ने की तथा मंच संचालन संस्था के सचिव रणधीर मोर ने किया। बैठक में जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते हुए कृष्ण दुग्गल ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी शिक्षा, जागरूकता, संगठन और सामाजिक एकता से होती है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने सामाजिक दायित्वों को समझते हुए समाज हित को सर्वोपरि रखे, तो कोई भी शक्ति उस समाज की प्रगति को नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी व्यक्तिगत मतभेदों, गुटबाजी और संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षित, जागरूक और संस्कारित युवा ही समाज को नई दिशा और नई पहचान प्रदान कर सकते हैं। समाज के प्रत्येक युवा को शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और संगठन निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कृष्ण दुग्गल ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति समाज के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सम्मान दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने समाज के लोगों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। बैठक में समाज हित में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।



## रक्त शिविर के दौरान 85 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ

**पानीपत , यु-टर्न 14 जून** राष्ट्रीय रक्त दिवस के अवसर पर श्री राम हस्पताल मूनक में रक्त शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें अरोमा ब्लैड सेंटर पानीपत के द्वारा डॉ राजेश, डॉ संदीप, प्रवीण शर्मा की देखरेख में इस शिवर का आयोजन किया गया। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि रक्त दान करने से किसी व्यक्ति की जान तो बचती है साथ में ही मनुष्य का भी शरीर स्वस्थ रहता है । रक्त दान करने से खून में कमी नहीं होती बल्कि नया खून तैयार होता है। हमें अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए रक्त दान आवश्यक करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिवर के दौरान 85 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ जिसमें 10 महिलाओं ने भी इसमें योगदान दिया। इस दौरान डॉ गोपाल राम, डॉ निखिल गेरि, डॉ सुनील मान मौजूद रहे।

# गुरमुखी और गुरसिखी सिखलाई केंद्र बोहली का परीक्षा परिणाम घोषित

**(ए ) गुरप में अमरजीत सिंह व (बी ) गुरप में मन्नत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**



» **निर्मल सिंह**

पानीपत, यूटर्न/ 14 जून । श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी एवं सिख मिशनरी कालेज ( रजि ) के सहयोग से गांव बोहली में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन गुरुमुखी व गुरसिखी की सिखलाई का श्री गुरुद्वारा साहिब बोहली में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न किया गया।

गुरुमुखी और गुरसिखी के होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान स पूर्ण सिंह श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बोहली ने की। और मंच का संचालन सैकटरी स कश्मीर सिंह भुल्लर ने किया। गांव बोहली में वार्षिक स्तर का गुरुमुखी और गुरसिखी सिखलाई कार्यक्रम 30 मई से आरम्भ होकर कर 14 जून 2026 तक संचालित किया गया। सिखलाई के दौरान श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी की ओर से छात्र छात्राओं को निःशुल्क पैन कापियां व जरूरी सामान दिया गया।

गुरुमुखी और गुरसिखी को लेकर होने वाले आयोजित पाठ्यक्रम में कार्यक्रम 50 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा उपरांत पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ए और बी गुरप में परीक्षा परिणाम घोषित किए।

सर्वप्रथम ( ए) गुरप से प्रथम स्थान अमरजीत सिंह, द्वितीय स्थान नैतिक और तृतीय स्थान दिव्य ने हासिल किया। (बी ) गुरप में प्रथम स्थान मन्नत प्रीत सिंह, द्वितीय स्थान नवजोत सिंह व तृतीय स्थान जीविका ने हासिल किया।

कार्यक्रम के संपन्न होने पर श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाबी टीचर व श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी के स्टाफ को सरोपा पहनाकर तहदिल से धन्यवाद किया। और श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी व सिख मिशनरी कालेज (रजि) मैनेजमेंट की सराहना की।

पंजाबी टीचर स हरि सिमरन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी की ओर से जिले भर में लगभग 22 केंद्रों पर गुरुमुखी और गुरसिखी की सिखलाई की कक्षाएं आयोजित की जा रही है। जिसमें 80 से अधिक पंजाबी के टीचर परोपकार के कार्य में निष्काम भाव से सेवा कर रहे हैं। और बच्चों को पंजाबी भाषा सिखा रहे हैं । और गुरु पंथ के साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं। गुरुमुखी और गुरसिखी के सटीफिकेट वितरण के अवसर पर पंजाबी टीचर अमृत सिंह, हरसिमरन सिंह, अमनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में सर्वखाप महापंचायत चिंतन शिविर आयोजित



## विभिन्न विषयों पर चिंतन मंथन,महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

» **प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी**

थानेसर, यूटर्न/ 14 जून । अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत चिंतन शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों, मीडिया प्रतिनिधियों, किसान नेताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर गहन चिंतन-मनन किया। विभिन्न विषय विशेषज्ञों के विचार सुनने एवं व्यापक चर्चा के उपरांत अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

तीसरे दिन आयोजित विशेष सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रविंद्र ढुल, शिक्षाविद प्रोफेसर राजेश मलिक, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डी.पी. वत्स, अमित सांगवान (एएजी) तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और समकालीन सामाजिक चुनौतियों पर अपने सुझाव दिए। चिंतन शिविर में युवाओं के नैतिक उत्थान एवं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

प्रस्ताव पारित किया गया कि विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक नैतिक मूल्यों एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं।

नशे की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया जाए, जिनमें खाप प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए ताकि सरकारी प्रयासों की प्रभावी निगरानी हो सके।

हिंदू मैरिज एक्ट के अंतर्गत गांव, गोत्र एवं गुहांड के भीतर विवाह को वैध न माने जाने संबंधी विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधि विशेषज्ञों की राय के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि इस विषय को राज्य सरकारों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा सभी खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों के विधायकों से संपर्क कर विधानसभा में इस विषय को उठाने का प्रयास करेंगी।

चिंतन शिविर में लिव-इन रिलेशनशिप तथा समलैंगिकता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

## न्यू अशोक नगर पुलिस ने दो झपटमारों को गिरफ्तार किया, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** दिल्ली पुलिस की पूर्वी जिला टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन झपटमारी के एक मामले को मात्र दो दिन में सुलझा लिया है। न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से छीना गया मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। 12 जून 2026 को वसुंधरा एन्क्लेव इलाके में दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन झपट लिया था। पीड़ित की शिकायत पर न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर की गई।

# सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 14 जून । धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में आयोजित उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि खापों द्वारा उठाए जा रहे सभी सामाजिक मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि समाज से जुड़े विषयों पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए तथा उनके व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान खोजे जाने चाहिए। उन्होंने सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों, युवा मार्गदर्शन और समाज सुधार के लिए ऐसे चिंतन शिविरों को समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद एवं चौ. संजय देशवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर में सोलंकी खाप, पालम 360 खाप, दलाल खाप, चहल खाप, हुड्डा खाप, ढुल खाप, देशवाल खाप एवं लाठर खाप सहित अनेक खापों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।



प्रथम सत्र युवा प्रतिनिधियों को समर्पित रहा, जिसमें विक्रम कालीरमन, राजबीर सिंह गिल, अमित बांगर, जतिन पानू, अक्षय नरवाल, सुमित लाठर, जसविंदर जांगड़ा एवं मोहित देशवाल ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने खाप पंचायतों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने, उन्हें सामाजिक नेतृत्व के अवसर प्रदान करने तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करने पर बल दिया। वक्ताओं का मत था कि युवाओं की ऊर्जा और नवीन सोच को खाप व्यवस्था से जोड़कर समाज को नई दिशा दी जा सकती है। द्वितीय सत्र समाज के प्रबुद्ध एवं अनुभवी व्यक्तियों को समर्पित रहा। इस सत्र में श्री योगानंद शास्त्री (पूर्व मंत्री, दिल्ली सरकार), श्री रामेश्वर मलिक (सेवानिवृत्त न्यायाधीश), कैप्टन मान सिंह दलाल (प्रवक्ता, दलाल खाप), डॉ. दिनेश चहल, प्रो. जोगेंद्र मोर (लॉ इंस्टीट्यूट, रोहतक) तथा प्रो. सुधीर पवार (उत्तर प्रदेश) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि खाप व्यवस्था का इतिहास अत्यंत गौरवशाली एवं स्वर्णिम रहा है। सामाजिक समरसता, न्याय, भाईचारा एवं जनहित के अनेक कार्यों में खापों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बदलते समय के अनुरूप इस व्यवस्था को और अधिक संगठित, सशक्त एवं प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

तृतीय सत्र मीडिया विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें मनदीप पुनिया (पत्रकार), सुदेश नैन मोर (पत्रकार) एवं डॉ. दीप कमल सहारण ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने चर्चा की कि मीडिया में खाप पंचायतों की सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुधार, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, भाईचारे और जनकल्याण के क्षेत्रों में खापों द्वारा किए गए कार्यों को व्यापक स्तर पर सामने लाने की आवश्यकता है, ताकि समाज के समक्ष उनका वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत हो सके।

दिनभर चले चिंतन एवं संवाद सत्रों में समाज के विभिन्न वर्गों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए खाप व्यवस्था को समयानुकूल एवं जनोन्मुखी बनाने के सुझाव दिए। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सामाजिक एकता, युवा सशक्तिकरण, शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं समाज सुधार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## क्या आपने कभी 21 साल के ब्रिगेडियर के बारे में सुना है?...तो लीजिए, यह रहा किस्सा


संदीप शर्मा

भारत को अक्सर मौकों की ज़मीन कहा जाता है। ज़ाहिर है, यह एक ऐसी जगह भी है जहाँ कभी-कभी काबिलियत, अनुभव और कुछ खास मामलों में तो मिलिट्री करियर की जगह भी सिर्फ़ आत्मविश्वास ले सकता है। उत्तर प्रदेश में एक 21 साल के युवक की गिरफ़्तारी, जिसने आर्मी ब्रिगेडियर होने का नाटक किया था, सिर्फ़ एक क्राइम स्टोरी नहीं है। यह आधुनिक भारत को समझने का एक बेहतरीन उदाहरण है। हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहाँ असल में अहम होने से ज़्यादा अहम 'अहम दिखना' हो गया है। एक यूनिफ़ॉर्म, कुछ बैज, सही निशान वाली गाड़ी और काफ़ी आत्मविश्वास - ये चीज़ें किसी व्यक्ति को दशकों की कड़ी मेहनत से कहीं आगे ले जा सकती हैं। ज़रा उस रैंक के बारे में सोचिए जो उसने चुनी। लेफ्टिनेंट नहीं। कैप्टन नहीं। कर्नल भी नहीं। नहीं, उस युवक ने सीधे ब्रिगेडियर बनने का फ़ैसला किया। जब महंगाई ने सब कुछ महंगा कर दिया है, तो प्रमोशन में समय क्यों बर्बाद किया जाए? अगर दिखावा करना ही है, तो बड़े पैमाने पर क्यों न किया जाए? इस काम में दिखाई गई तेज़ी की तारीफ़ किए बिना नहीं रहा जा सकता। असली अफ़सर सीनियर रैंक तक पहुँचने के लिए मुश्किल इलाकों में सेवा करते हैं, कोर्स करते हैं, सैनिकों की कमान संभालते हैं और ढेर सारे कागज़ी काम से गुज़रते हैं। हमारे इस तथाकथित बहरूपिए ने लगता है कि पूरी प्रक्रिया को कुछ चीज़ों और भरोसेमंद अभिनय में समेट लिया। यह अनुभव कमाने के बजाय उसे डाउनलोड करने जैसा मिलिट्री वाला मामला है। यह घटना भारत की एक अनोखी कमज़ोरी को भी उजागर करती है: अधिकार के प्रतीकों के सामने झुकने की हमारी आदत। बस एक बीकन दिखाओ, यूनिफ़ॉर्म पहनो, फ़ोल्डर लेकर चलो और काफ़ी गंभीरता से चलो, तो लोग तुरंत मान लेते हैं कि आप या तो कोई सीनियर सरकारी अधिकारी हैं या किसी बहुत प्रभावशाली व्यक्ति के रिश्तेदार। वेरिफिकेशन को ज़रूरी नहीं समझा जाता। आख़िरकार, जब आत्मविश्वास भरपूर हो तो क्रेडेंशियल्स कौन चेक करता है? यह कहानी सोशल मीडिया के दौर के लिए भी एकदम सही है। हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जहाँ दिखावा अक्सर असलियत पर भारी पड़ता है। इन्फ्लुएंसर एंटरप्रेन्योर होने का नाटक करते हैं, एंटरप्रेन्योर दूरदर्शी होने का नाटक करते हैं, दूरदर्शी दार्शनिक होने का नाटक करते हैं और दार्शनिक इन्फ्लुएंसर होने का नाटक करते हैं। इतने कड़े कॉम्पिटिशन के बीच, एक नकली ब्रिगेडियर कोई बड़ी बात नहीं लगती। उसने बस रणनीतिक सेल्फ़-ब्रांडिंग के राष्ट्रीय ट्रेंड को फ़ॉलो किया। शायद सबसे दिलचस्प बात यह है कि किसी को भी यह अजीब नहीं लगा कि एक आदमी, जिसकी उम्र मुश्किल से कॉलेज पूरी करने लायक थी, वह कैसे ब्रिगेडियर बन गया। ऐसे देश में जहाँ माता-पिता को इस बात की चिंता रहती है कि 25 साल का युवा अभी तक ज़िंदगी में सेटल नहीं हुआ है, वहाँ एक 21 साल का युवक सीधे सेना के ऊँचे ओहदे पर पहुँच गया। यह घटना एक चेतावनी होनी चाहिए। सिर्फ़ किसी और का रूप धरने के बारे में ही नहीं, बल्कि पद, वर्दी और ताकत के दिखावे के प्रति हमारे सामूहिक आकर्षण के बारे में भी। हम अक्सर प्रतीकों से इतने चकाचौंध हो जाते हैं कि सबसे आसान सवाल पूछना ही भूल जाते हैं: "आखिर यह व्यक्ति कौन है?" हो सकता है कि उस युवक को सेना के सीनियर अफ़सर का रूप धरने के नतीजे भुगतने पड़ें। लेकिन बाकी लोगों को इस बात पर सोचना चाहिए कि हम कितनी आसानी से पहले सलाम करने और बाद में सच्चाई की जाँच करने को तैयार हो गए थे। आज के भारत में ऐसा लगता है कि ऊँचे ओहदे तक पहुँचने का सबसे छोटा रास्ता हमेशा परीक्षा, ट्रेनिंग या काबिलियत से होकर नहीं गुज़रता। कभी-कभी इसकी शुरुआत एक खास तरह की पोशाक, चेहरे पर गंभीरता और इस हिम्मत से होती है कि कोई आपसे आपका ID कार्ड नहीं माँगेगा।

## ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागे

साढ़े तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4? से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक। अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। उसकी वजह है कि इस समय धरती आपके सिस्टम के अनुसार काम करती है। अगर आप खास तरीके से जागरूक हो जाते हैं, आपके भीतर एक खास स्तर की जागरूकता आ जाती है तो आपको इस समय का सहज रूप से अहसास हो जाता है। अगर आप सही वक्ति पर सोने चले जाते हैं तो आपको उठने के लिए घड़ी देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपको हमेशा पता चल जाएगा कि कब 3.40 का वक्ति हो गया है, क्योंकि यह वक्ति होते ही आपका शरीर एक अलग तरीके से व्यवहार करने लगेगा। आप जिस भी क्रिया में दीक्षित हुए हैं, अगर इस समय वह करना शुरू कर देंगे, तो आपको इसका सर्वश्रेष्ठ फल मिलेगा। हां, यह समय किताब पढ़ कर सीखी हुई क्रिया करने का नहीं है।

# सोमवती अमावस्या: श्रद्धा, विश्वास और लोकजीवन की आस्था का महापर्व

**सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों के स्मरण और तर्पण का दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जब यही अमावस्या सोमवार को आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि सोमवार भगवान शिव की उपासना का विशेष दिन माना गया है। इस प्रकार सोमवती अमावस्या पितृ पूजा और शिव भक्ति का अनूठा संगम बन जाती है।**

भारतीय संस्कृति में तिथि, पर्व और उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि वे समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण पर्वों में सोमवती अमावस्या का विशेष स्थान है। जब अमावस्या तिथि सोमवार के दिन पड़ती है, तब उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन अवसर 15 जून को मनाया जा रहा है। इस दिन अमावस्या, सोमवार, पितृ स्मरण, शिव आराधना तथा दान-पुण्ग य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

सोमवती अमावस्या का लोकजीवन में बहुत बड़ी अहमियत है। श्रद्धा और विश्वास के साथ जुड़ी यह तिथि लोगों के उल्लास, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं तथा दान-पुण्य के माध्यम से समाज और धर्म के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हैं।सनातन धर्म में अमावस्या तिथि को पितरों के स्मरण और तर्पण का दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध और दान से पितृ प्रसन्न होते हैं तथा अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और उन्नति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। जब यही अमावस्या सोमवार को आती है, तब इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि सोमवार भगवान शिव की उपासना का विशेष दिन माना गया है। इस प्रकार सोमवती अमावस्या पितृ पूजा और शिव भक्ति का अनूठा संगम बन जाती है।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान का अवसर प्राप्त हो जाए तो इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। जो लोग तीर्थस्थलों तक नहीं पहुंच पाते, वे घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करते हैं। स्नान के पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं तथा सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की जाती है। सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा का भी विशेष महत्व है। भारतीय परंपरा में पीपल को देववृक्ष माना गया है। मान्यता है कि इसमें देवताओं का वास होता है। महिलाएं और पुरुष पीपल के वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करते हैं तथा परिवार के सुख, स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करते हैं। यह परंपरा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देती है। भारतीय संस्कृति ने वृक्षों को पूजनीय बनाकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी बढ़ावा दिया है। लोकजीवन में सोमवती अमावस्या केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का भी पर्व है। इस दिन दान-पुण्य करने की परंपरा लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करती है। अन्न, वस्त्र, फल, मिठाई, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करके लोग समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है। भारत के विभिन्न राज्यों में सोमवती अमावस्या को अलग-अलग परंपराओं और रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कहीं विशाल मेले लगते हैं तो कहीं धार्मिक यात्राएं निकाली जाती हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होता है और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा करते हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। इससे पारिवारिक एकता और सामाजिक जुड़ाव को भी बल मिलता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# डोनाल्ड ट्रंप के 40 झूठ पर भारी पड़ा ईरान

सनत जैन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध को लेकर अभी तक 40 बड़े झूठ बोले हैं। हर झूठ के बाद शेयर बाजार में उस झूठ का असर दिखा, लेकिन ईरान के ऊपर इसका कोई असर नहीं हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शांति के मसीहा बनना चाहते थे। उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद इजराइल और गजा का युद्ध बंद कराने की बात कही थी। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच समझौता करने की बात कही थी। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप कहीं सफल नहीं हो पाए। उल्टे ईरान युद्ध में वह बुरी तरह से फंस गए हैं। जहां से अब उन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगता था वह दुनिया के सबसे बड़े शक्तिशाली देश के राष्ट्रपति हैं, उनकी बात को सब मानेंगे। एक समय पर वह अपने आप को शांति के नोबेल पुरस्कार का हकदार मानकर चल रहे थे। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप इतना झूठ बोलने के बाद भी अपने मनोवांछित फल को प्राप्त नहीं कर पाए। इस दुख का एहसास डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा किसको हो सकता है। जिस ईरान पर पिछले 47 सालों से अमेरिका ने प्रतिबंध लगा कर रखा और ईरान की जनता को भारी कष्ट पहुंचाया। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई और हमले में 165 से ज्यादा जिन बच्चों की हत्या की थी, लगता है यह पाप ट्रंप का पीछा नहीं छोड़ रहा है। अमेरिका जैसे महा शक्तिशाली राष्ट्र के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान जैसा कमजोर देश इस तरह की चुनौती देगा यह उनके सपने में भी नहीं था।

ईरान ने जिस तरह से पिछले 4 महीने में अमेरिका को उसकी औकात दिखाई है इसकी कल्पना शायद किसी ने भी नहीं की थी। ईरान जैसा कमजोर देश, जिस पर इतने सारे प्रतिबंध लगे हों, अमेरिका ने जहां सत्ता पलटने की भरपूर कोशिशें कर लीं हों, आर्थिक दृष्टि से कमजोर ईरान उसे इस तरह से मात देगा। उसके कारण डोनाल्ड ट्रंप को इतने सारे झूठ बोलने पड़ेंगे। 40 झूठ बोलने के बाद भी डोनाल्ड ट्रंप अपने आप को इस युद्ध से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आज 14 जून को जन्मदिन है। उन्होंने यह कहा था कि वह अपने जन्मदिन पर सारी दुनिया को एक तोहफा देने जा रहे हैं। लेकिन यह तोहफा भी वह नहीं दे पा रहे हैं। इस समझौता पत्र पर जिनेवा में हस्ताक्षर किया जाना था, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास आराघची ने यह कहकर समझौते पर पलीता लगा दिया है कि अभी समझौते की शर्तों पर सहमति नहीं बनी है। समझौते की शर्त पर सहमति बन जाने के बाद ईरान की सरकार जनता के सामने उन शर्तों को रखकर जनता की मंजूरी मिलने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। ईरान की राजनीति, कूटनीति और सामरिक रणनीति अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के लिए बहुत भारी पड़ी है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू भी ईरान की रणनीति के सामने बेबस हो गए हैं। अगले कुछ ही महीनो में इजराइल में आम चुनाव होने जा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के



प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिस तरह से इस युद्ध में पराजित हो रहे हैं, ऐसी स्थिति में राजनीति के क्षेत्र में इन दोनों नेताओं का जो दबदबा था वह दबदबा पूरी तरह से खत्म होने की कगार पर खड़ा हो गया है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के इस युद्ध से राजनेताओं को सबक लेने की जरूरत है। आप कितने भी मजबूत हों लेकिन यदि किसी को जरूरत से ज्यादा आप परेशान करते हैं या दबाते हैं तो ऐसी स्थिति में कोई भी ताकत कम नहीं होती है। रूस महाशक्ति था, महाशक्ति है लेकिन एक यूक्रेन जैसे छोटे देश ने जिस तरह से रूस का मुकाबला किया है। ईरान जिसके ऊपर पिछले 47 वर्षों से तरह-तरह के प्रतिबंध लगाकर लगातार उसे कमजोर किया गया था, उसने भी अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की हत्या के बाद जिस तरह से अपने आप को बचाने के लिए हर तरह से मुकाबला किया, उसने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित किया है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए यह भी कहा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप ने झूठ बोलकर भले अरबों डॉलर की कमाई शेयर बाजार से कर ली हो, लेकिन उनके झूठ ने उनकी और अमेरिका की साख में जो बट्टा लगाया है..

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# फॉसिल फ्यूल आयात कम करने के लिए 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन के उपयोग को दी मंजूरी : गडकरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने भारत की आयातित जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता कम करने के लिए 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन के उपयोग को मंजूरी दे दी है।



यह कदम वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बदलाव लाने के उद्देश्य से भी उठाया गया है, उन्होंने नागपुर में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा। गडकरी ने बताया, ''शनिवार रात 8 बजे मैंने फाइल पर साइन कर दिया और 100 प्रतिशत एथेनॉल के उपयोग को कानूनी रूप से मंजूरी देने के नियमों को अंतिम रूप दे दिया।'' एथेनॉल पेट्रोल का एक व्यवहारिक विकल्प बन सकता है, जिससे भारत का भारी ईंधन आयात बिल कम हो सकता है। गडकरी ने कहा कि शुरूआत में इस विचार का कई लोगों ने मजाक उड़ाया और आलोचना भी की। उन्होंने कहा, ''मैं जब यह सपना बताता था तो लोग हंसते थे। कुछ दोस्त इसकी आलोचना भी करते थे।'' गडकरी ने आगे बताया कि कई बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियां आने वाले हफ्तों में एथेनॉल-फ्रेंडली वाहन लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। टोयोटा, सुजुकी, एमजी और हुंडई जैसी कंपनियां अगले डेढ़ महीने में 100 प्रतिशत एथेनॉल-उपयोगी वाहन लॉन्च करेंगी। पिछले हफ्ते सरकार ने ई85 ईंधन भी ई85-कम्पैटिबल फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए शुरू किया था।

# भारत बनेगा दुनिया का इनोवेशन पार्टनर : गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

भारत उभरती हुई ग्लोबल टेक्नोलॉजी में साझेदारी को गहरा करने और स्वयं को दुनिया का इनोवेशन पार्टनर में बदलने के लिए काम कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से रविवार को दी गई।

फ्रांस के नीस में भारत इनोवेट्स समिट के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए गोयल ने कहा कि ह्वभारत इनोवेट्सह्ल का मकसद भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए एक ग्लोबल एक्सेलेरेटर के तौर पर काम करना है और भारत को दुनिया के लिए एक भरोसेमंद इनोवेशन पार्टनर के तौर पर स्थापित करना है।

गोयल ने कहा, ह्लसाल 2026 को भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर के तौर पर मनाया जा रहा है, जो इस पहल के लिए एक सही माहौल देता है। हम एक ऐसे अनिश्चित समय में मिल रहे हैं जब भू-राजनीतिक स्तर पर बड़े हो रहे बदलाव, नई टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलावों से मिल रहे हैंह्व



**गोयल ने कहा, ह्लसाल 2026 को भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर के तौर पर मनाया जा रहा है, जो इस पहल के लिए एक सही माहौल देता है। हम एक ऐसे अनिश्चित समय में मिल रहे हैं जब भू-राजनीतिक स्तर पर बड़े हो रहे बदलाव, नई टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलावों से मिल रहे हैंह्व**

भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी का जिक्र करते हुए, गोयल ने कहा कि इस साल दोनों देशों ने आपसी संबंधों को ह्वविशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारीह्ल का दर्जा है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े वैश्विक चिंतन को आकार देने के लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2025 में पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता की थी, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों फरवरी 2026 में एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत के साथ शामिल हुए थे। गोयल ने कहा, ह्लमैं अपने फ्रांसीस सहयोगियों से अपील करता हूं कि वे इस मौके का इस्तेमाल सार्थक साझेदारी बनाने के लिए करें। साथ ही, मैं अपने फ्रांसीसी दोस्तों को भारत आने, यहां निवेश करने, डिजाइन करने, इनोवेशन करने और मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए आमंत्रित करता हूं, ताकि वे भारत के बड़े घरेलू बाजार और यहां से बाकी दुनिया में निर्यात, दोनों के लिए काम कर सकें।ह्व

ह्वभारत इनोवेट्सह्ल समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप, निवेशक, उद्यमी, टेक्नोलॉजी लीडर और नीति-निमार्ता एक साथ आते हैं ताकि इनोवेशन, निवेश और आपसी सहयोग के नए अवसर तलाशे जा सकें।

# नवाचार को लैब से बाजार तक पहुंचाना समय की जरूरत : डॉ. जितेंद्र सिंह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को मिलकर काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इनोवेशन (नवाचार) केवल 'प्रूफ-ऑफ-कांसेप्ट' (अवधारणा की पुष्टि) के चरण से आगे बढ़ें और बड़े पैमाने पर अंतिम उपयोगकताओं तक पहुंचें।



भारत अब ऐसे दौर में आ गया है जहां वैज्ञानिक प्रगति का आकलन उसके सामाजिक और आर्थिक असर के आधार पर किया जाना जरूरी है।

इनोवेशन के लिए अनुकूल माहौल बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने उद्योग प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित अनुसंधान संस्थानों के साथ काम करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात करें। बेंगलुरु में 'आरआईएसई कॉन्क्लेव 2026' के दौरान उद्योग के साथ बातचीत के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित अनुसंधान के माध्यम से विकसित स्वदेशी तकनीकों तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि सीएसआईआर टेक्नोलॉजी शोकेस पोर्टल पर अभी 800 से ज्यादा तकनीकें मौजूद हैं। यह पोर्टल उद्योगों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को अपनी जरूरतों के हिसाब से समाधान खोजने और तकनीक को अपनाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए एक तैयार मंच प्रदान करता है। डॉ. सिंह ने कहा कि उद्योग के साथ सहयोग अनुसंधान परियोजनाओं की योजना बनाने के चरण से ही शुरू होना चाहिए न कि तकनीक के पूरी तरह विकसित हो जाने के बाद। उन्होंने कहा कि इस तरह की शुरूआती भागीदारी से वैज्ञानिक कार्यों को बाजार की जरूरतों के अनुरूप बनाने, तकनीक के हस्तांतरण को आसान बनाने और व्यावसायिक सफलता की संभावनाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने वैज्ञानिक ज्ञान को बाजार के लिए तैयार समाधानों और राष्ट्रीय विकास के परिणामों में बदलने की गति बढ़ाने के लिए अनुसंधान संस्थानों, उद्योगों और स्टार्टअप्स के बीच गहरे सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मई में इनोवा बनी सबसे ज्यादा बिक्री वाली कार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

टोयोटा ने भारतीय वाहन बाजार में मई 2026 के बिक्री आंकड़ों में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, और इस महीने टोयोटा इनोवा एक बार फिर कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ी बनकर उभरी। इनोवा और इसके उन्नत संस्करण की संयुक्त बिक्री 10 हजार से अधिक इकाइयों तक पहुंच गई, जो बड़े परिवारों और लंबी यात्राओं के लिए इस मॉडल की निरंतर लोकप्रियता को दशार्ती है। पिछले वर्ष की तुलना में इनोवा की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बिक्री सूची में दूसरा स्थान टोयोटा हाइराइडर को मिला, जिसने भी दोहरे अंक की वार्षिक वृद्धि हासिल की। ईंधन दक्षता और आधुनिक सुविधाओं के कारण यह वाहन शहरी ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि, कुछ मॉडलों ने कमजोर प्रदर्शन किया, जैसे ग्लैंजा की बिक्री में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो बढ़ती प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की बदलती पसंद का संकेत है।




प्रीमियम श्रेणी में, फॉर्च्यूनर ने अपनी मजबूत साख और प्रदर्शन के कारण लोकप्रियता बनाए रखी, जिसकी बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी के अन्य मॉडलों में रुमियन ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की, जबकि टैसर की बिक्री में कुछ कमी आई। हीलक्स ने सीमित बाजार के बावजूद प्रभावशाली वृद्धि हासिल की। प्रीमियम वर्ग में, कैमरी की बिक्री स्थिर रही, जबकि वेलफायर ने लग्जरी बहुउद्देश्यीय वाहन के रूप में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की। कुल मिलाकर, टोयोटा ने मई 2026 में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पच्चीस प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

# मारुति सुजुकी ने पेश की प्राइस प्रोटेक्शन स्कीम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** हाल ही में कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी ने जून माह से कुछ मॉडलों की कीमतों में वृद्धि का संकेत दिया था। 14 जून 2026 से पहले वाहन बुक कराने वाले ग्राहकों को बाद में होने वाली मूल्य वृद्धि का अतिरिक्त भार नहीं उठाना पड़ेगा, इसके लिए कंपनी ने बेहतरीन योजना पेश की है। कंपनी ने प्राइस प्रोटेक्शन स्कीम और सुहाना सफर नामक बचत आधारित वाहन ऋण कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य छोटी कार खरीदने वाले ग्राहकों को बढ़ती कीमतों और वित्तीय दबाव से राहत दिलाना है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी ने बताया कि यह पहल पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों को आर्थिक बोझ के कारण अपनी योजना बदलने से रोकने के लिए की गई है। इस योजना का लाभ ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगन-आर जैसे लोकप्रिय एंट्री-लेवल मॉडलों पर मिलेगा। इसके साथ ही, सुहाना सफर योजना उन ग्राहकों के लिए मददगार है जिन्हें एकमुश्त अग्रिम राशि या मासिक किस्तों का प्रबंधन करने में कठिनाई होती है। इस स्कीम के तहत ग्राहक प्रत्येक माह एक निश्चित राशि (जो आमतौर पर कार की ईएमआई होती है) एक आरडी खाते में जमा कर सकते हैं। तीन से छह महीने तक नियमित बचत के बाद, जमा राशि का उपयोग वाहन खरीदते समय अग्रिम भुगतान के रूप में किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने प्याज खरीद मूल्य बढ़ाकर 16.50 रुपए किलो किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** सरकार ने प्याज किसानों को राहत देते हुए बफर स्टॉक कार्यक्रम के तहत प्याज की खरीद दर में बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब यह 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम (1650 रुपए प्रति क्विंटल) की दर से खरीदी जाएगी, जो पहले 15.80 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यह संशोधित मूल्य शनिवार से प्रभावी हो गया है, जो किसानों की आय सुनिश्चित करने और बाजार में कीमतों को स्थिर रखने में सहायक होगा। यह कदम मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत बफर स्टॉक कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके माध्यम से सरकार बाजार में संतुलन बनाए रखती है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि मौजूदा मंडी कीमतों और भंडारण योग्य प्याज की गुणवत्ता के मद्देनजर यह फैसला हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि खरीद प्रक्रिया को बाजार की स्थितियों के हिसाब से बेहतर बनाने के लिए कीमत निर्धारण के तरीके में भी सुधार किया गया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक महाराष्ट्र के किसान खेती की बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 30 रुपए प्रति किलो की न्यूनतम खरीद कीमत की मांग कर रहे थे।

### स्मार्टफोन की बिक्री में रिकॉर्ड 35 फीसदी तक की कमी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** देश में स्मार्टफोन की बढ़ती कीमतों का असर अब बाजार पर साफ दिख रहा है। खुदरा विक्रेताओं के अनुसार मई में मोबाइल फोन की बिक्री में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 30-35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसकी मुख्य वजह मेमोरी चिप की बढ़ती लागत है, जिसके चलते कंपनियां लगातार दाम बढ़ा रही हैं। यह गिरावट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों बिक्री माध्यमों पर समान रूप से देखी जा रही है, जिससे भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर मंदी का गहरा साया मंडरा रहा है। स्मार्टफोन की बढ़ती कीमतों ने उपभोक्ताओं को खरीदारी से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है, जिससे मई महीने में बिक्री में भारी गिरावट आई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के आंकड़ों से भी यह ट्रेंड पुष्ट होता है, जिसके मुताबिक मई में स्मार्टफोन शिपमेंट में 15-20 प्रतिशत की गिरावट आई। जून में भी इसी तरह की कमजोरी बने रहने की आशंका है।

# मछली पकड़ने पर लगी रोक आज खत्म होगी, समुद्र में लौटने की तैयारी में जुटे मछुआरे

» **चेन्नई, यूटर्न/ 14 जून ।**

तमिलनाडु में मछली पकड़ने पर 61 दिनों के लिए लगी रोक रविवार को खत्म हो रही है। हजारों मछुआरे मछली पकड़ने का काम फिर से शुरू करने की तैयारी में जुट गए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से 15 अप्रैल से 14 जून तक मछली पकड़ने पर रोक लगाई गई थी।



सरकार की ओर से मछलियों की आबादी को उनके सबसे ज्यादा प्रजनन के समय बचाना और समुद्री संसाधनों को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगाया गया था। दो महीनों के ब्रेक के दौरान मछुआरों ने नावों की मरम्मत की, इंजन ठीक किए और मछली पकड़ने के सामान को ठीक किया। सरकार की ओर से लगी रोक 14 जून की आधी रात को खत्म हो जाएगी। यही वजह है कि पूरे तमिलनाडु में मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों पर हलचल बढ़ गई है। मछुआरे समुद्र में जाने से पहले आखिरी तैयारी में जुटे हुए हैं।

बंदरगाह अधिकारियों और मत्स्य पालन अधिकारियों की ओर से भी काम फिर से शुरू करने के लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 15,000 से ज्यादा मशीनीकृत नावों पर एक लाख से ज्यादा मछुआरों के समुद्र में जाने की उम्मीद है।

इनमें चेन्नई का कासिमेडु, तिरुवल्लुर, चेंगलपट्टू, विल्लुपुरम, कुड्डालोर, तंजावुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, पुडुचेरी, कराईकल, पुदुक्कोट्टई, रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी के तटीय इलाके शामिल हैं।

मछली व्यापारी, नीलामी करने वाले, ट्रांसपोर्टर और सीफूड प्रोसेसिंग में लगे कर्मचारी भी रोक हटने के बाद व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

बता दें कि मत्स्य पालन विशेषज्ञों का लंबे समय से मानना है कि सालाना मछली पकड़ने की रोक बंगाल की खाड़ी में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और मछली के टिकाऊ उत्पादन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है।

## संक्षिप्त खबरें




### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।** लालकुआं की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सचिन (25) की मौत हो गई। उनका साथी अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, एनएच-9 स्थित कृष्णा इंटर कॉलेज अंडरपास से लालकुआं की तरफ सर्विस रोड पर शुक्रवार रात करीब पौने 12 बजे दो बाइक सवार जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों युवक नीचे गिर गए। ट्रक लेकर चालक फरार हो गया। पुलिस ने घायल बाइक सवारों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के रिजवालगढ़ी निवासी सचिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विजयनगर के आंबेडकर नगर में रहने वाले अजय कुमार गंभीर घायल हैं।

### यात्रियों की जांच के लिए प्लेटफॉर्म पर बना अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।** भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर अस्थाई प्राथमिक उपचार एवं सहायता केंद्र की शुरूआत की गई है। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर प्राथमिक उपचार एवं सहायता केंद्र के स्थित होने से यात्रियों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। वहीं यात्रियों के लिए शुरू किए गए कार्य के बारे में उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है। गाजियाबाद स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में रेल यात्री विभिन्न ट्रेनों से आवाजाही करते हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ लोकल ट्रेन भी शामिल हैं। स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर अस्थायी प्राथमिक उपचार एवं सहायता केंद्र की सुविधा होने से रेल यात्रियों को काफी राहत मिल रही है। इस संदर्भ में स्टेशन अधीक्षक एमके चौधरी ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसकी शुरूआत की गई है।६

# दिल्ली के कश्मीरी गेट पर ड्यूटी कर रहे हेड कॉन्स्टेबल की सड़क दुर्घटना में मौत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**






उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में शनिवार शाम ड्यूटी के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में यातायात पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई।

मृतक की पहचान अनिल के रूप में हुई है, जो कोतवाली ट्रैफिक सर्किल में तैनात थे। दरअसल, पुलिसकर्मी बिना हेलमेट बाइक चला रहे युवक को रोकने के आगे बढ़े थे, तभी बाइक सवार उनको झटकता हुआ आगे बढ़ गया। इसी दौरान संतुलत बिगड़ने से वह सड़क पर गिरे और छोटा हाथी सवार ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम करीब पांच बजे हेड कॉन्स्टेबल अनिल रिंग रोड, आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर शांति वन से चंदगी राम अखाड़े की तरफ जाने वाले रास्ते पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान बिना हेलमेट पहने एक युवक मोटरसाइकिल से वहां से गुजर रहा था।


वहीं, नियमों का उल्लंघन कर रहे बाइक सवार को रोकने के लिए अनिल आगे बढ़े। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनिल के सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रहा माल से लदे छोटा हाथी वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कश्मीरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अनिल को तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचाया। हालांकि, सिर और शरीर पर गंभीर चोटें लगने के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, हेड कॉन्स्टेबल अनिल मूलरूप से तहसील बहरोड़, जिला कोटपुतली, राजस्थान के रहने वाले हैं और छतरपुर में किराए पर रह रहे थे। उनके स्वजन को घटना की सूचना दे दी गई है।

वहीं, हादसे के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर मामले में आगे की जांच कर रही है। 10 जून को ही ट्रैफिक सर्कल, न्यू फ्रेंड्स कालोनी के हेड कॉन्स्टेबल राहुल कुमार, सराय जुलेना में ड्यूटी पर तैनात थे, तभी गलत दिशा से आ रहे कार चालक को उन्होंने रुकने का इशारा किया ता उसने रफ्तार बढ़ाते हुए पुलिसकर्मी को सामने से टक्कर मार दी थी और मौके से फरार हो गया था।

## छह हजार बुजुर्गों का हालचाल लेने घर पहुंचेगी पुलिस, हर रोज लेनी होगी खैर खबर

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।**



ट्रांस हिंडन जोन में अकेले रह रहे छह हजार से अधिक बुजुर्गों की नींद अब पुलिस की गुड मॉर्निंग से खुलेगी। पुलिसकर्मी उनका हालचाल भी लेंगे। जोन के कुल 693 बीट पुलिसकर्मियों को बुजुर्गों के निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्रत्येक पुलिसकर्मी पर 10 बुजुर्गों की देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है। वे सुबह-सुबह लोगों की सुविधानुसार स्वास्थ्य और मानसिक हाल जानने उनके घर पहुंचेंगे।

दरअसल, पिछले दिनों शालीमार गार्डन में रह रहे दो बुजुर्गों की मौत की सूचना पुलिस को मालूम नहीं हो सकी थी। इनमें एक बुजुर्ग लंबे समय से बीमार थे और बिस्तर से उठ भी नहीं पाते थे, जबकि दूसरे बुजुर्ग की मौत कैसे हुई यह भी नहीं मालूम हो सका। ऐसी कोई परिस्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसलिए पुलिस अधिकारियों ने इस उम्र के बुजुर्गों को चिहित कराया। इनमें विशेषकर ऐसे बुजुर्ग हैं जो अकेले रह रहे हैं और परिवार के लोग है नहीं या फिर शहर से बाहर रहते हैं। अब इन सभी बुजुर्गों के घर पुलिस दस्तक देगी। कई बार अकेले रहने वाले बुजुर्गों की तबीयत खराब होने या हादसा होने पर मदद नहीं मिल पाती। इसकी वजह से कई बार जान का खतरा मंडराता रहता है। इसलिए ऑपरेशन सवेरा अभियान को नई व्यवस्था के साथ एक बार फिर शुरू किया जा रहा है।

पिछली बार इन बुजुर्गों की संख्या छह हजार के पार थी, लेकिन अब पुनः बुजुर्गों को चिह्नित किया जाएगा जो पूरी तरह अकेले रहते हैं या जिनकी शारीरिक स्थिति नाजुक है। पुलिसकर्मी न केवल सुबह नमस्ते करने जाएंगे, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर दवा या डॉक्टर से संपर्क कराने में भी मदद करेंगे।

## बिजली का तार जोड़ने से लाइनमैन को रोका, पिता-पुत्र पर प्राथमिकी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।** पांडवनगर आवासीय कॉलोनी में टूटे हुए बिजली के तार को जोड़ने पहुंचे लाइनमैन को दो लोगों ने काम नहीं करने दिया। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी आरोपियों ने तार नहीं जोड़ने दिया। मामले में ऊर्जा निगम की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।




कविनगर थाना क्षेत्र की पांडवनगर कॉलोनी में गली नंबर-1 के पास स्थित 250 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़ा 11 केवी विद्युत लाइन का तार बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे टूट गया था।

इससे इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ऊर्जा निगम का लाइनमैन मरम्मत कार्य के लिए मौके पर पहुंचा, लेकिन रणपाल और उसके पुत्र अक्षय कुमार ने उसे तार जोड़ने से रोक दिया।

अवर अभियंता सतेन्द्र सिंह के अनुसार, स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद भी दोनों आरोपियों ने कर्मचारियों को काम नहीं करने दिया। आरोप है कि उन्होंने विद्युत कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर पर रणपाल और अक्षय कुमार के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हादसों पर नहीं लग रही रोक, बजट के इंतजार में विभाग

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।** 40 साल से अधिक पुराने आरओबी हादसों का सबब बनते जा रहे हैं। छह महीने में आरडीसी आरओबी पर दूसरी बार हादसे ने एक जान ले ली। इसी साल जनवरी में कार दुर्घटना होकर नीचे गिर गई थी, जिसमें कार सवार पिता की मौत हो गई थी जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। 'हादसे के बाद सवाल उठने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से आरओबी की रेलिंग और फुटपाथ को ऊंचा करने और मरम्मत के लिए के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ का एस्टिमेट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया। खास बात यह है कि पांच महीने से ज्यादा का समय बीत गया लेकिन पुल पर काम शुरू नहीं हो पाया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राम राजा ने बताया कि आरडीसी और भाटिया मोड़ आरओबी की मरम्मत और फुटपाथ को ऊंचा करने के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ का एस्टिमेट तैयार कर प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बजट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। बजट मिलते ही काम शुरू करा दिया जाएगा।

# दो दिन बाद भी बहाल नहीं हुई बिजली, 50 हजार की आबादी प्रभावित

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।**



शहर में 24 घंटे तो गांवों में 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति के दावों की पोल दो दिन पहले आई आंधी ने खोल दी है। शहर से लेकर गांव तक बेपटरी हुई बिजली शनिवार शाम तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी। बृहस्पतिवार और शुक्रवार रात आई आंधी से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक करीब 160 खंभे टूटकर गिर गए और कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए। 40 से अधिक पेड़ धराशायी हो गए। वहीं, मोदीनगर के बुदाना गांव में दो दिन से लाइट नहीं आने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। करीब 50 हजार की आबादी बिजली गुल होने से प्रभावित रही। शनिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कर्मी लगे रहे। शहरी क्षेत्र में भी बिजली की आवाजाही दिनभर लगी रही। ट्रिपिंग की वजह से लोग परेशान रहे।


बिजली गुल रहने से सुबह पानी की किल्लत उत्पन्न हो गई। मोटर नहीं चलने से पानी की टंकियां नहीं भर पाई। ऊर्जा निगम की ओर से करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं लेकिन स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। कटौती और ट्रिपिंग के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। उपकेंद्र पर नारेबाजी के दौरान ग्रामीणों को समझाने में अधिकारियों के पसीने छूट गए। लोगों का आरोप है कि तब से शनिवार की देर शाम तक बिजली की आपूर्ति सुचारु नहीं हो पाई। शुक्रवार को कुछ देर के लिए बिजली शुरू की गई, तो फिर लाइन में खराबी आ गई। इसके बाद जब बिजली शुरू नहीं हुई तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बुदाना के ग्रामीणों ने चेताया कि अगर आपूर्ति शीघ्र सुचारु नहीं हुई तो बिजलीघर का घेराव करेंगे। बुदाना निवासी रालोद नेता अरुण दहिया ने बताया कि दो दिन पूर्व आई आंधी बारिश के बाद गांव में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। अभी तक सुचारु नहीं हुई। कई बार ऊर्जा निगम के कर्मचारियों से आपूर्ति बंद होने की शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। आरोप लगाया कि अवर अभियंता और एसडीओ व अन्य अधिकारी ग्रामीणों का फोन तक नहीं उठा रहे हैं विद्युत आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पीने के पानी को भी तरस गए हैं।

### आंधी से डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान, सड़कों पर उतरे अधिकारी

शुक्रवार देर रात आई तेज आंधी से शहर की बिजली व्यवस्था भी धड़ाम हो गई। विद्युत खंभे टूट गए, कई स्थानों पर लाइन में खराबी आ गई और कई स्थानों पर बिजली लाइनें टूटने से घंटों आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम के आंकड़ों की मानें तो आंधी के चलते करीब डेढ़ करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। शहरी क्षेत्र के संजयनगर, चिपियाना, बम्हेटा, डूंडाहेड़ा और अकबरपुर-बहरामपुर समेत कई इलाकों में शुक्रवार की रात बाधित हुई बिजली शनिवार के तड़के जाकर बहाल हो सकी। वहीं लोनी, मुरादनगर और मोदीनगर के कई ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार दोपहर तक भी आपूर्ति सामान्य नहीं हो पाई।

# तनिष्क शोरूम से दो करोड़ के आभूषण ले गए थे चोर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।**




आरडीसी में सेल्समैन ने अपने साथी और स्टॉफ की मिलीभगत से लाखों के नहीं, बल्कि दो करोड़ से अधिक कीमत के आभूषण की चोरी किए थे। तनिष्क ग्रुप के ऑडिट और पुलिस सूत्रों के मुताबिक चोर करीब तीन किलोग्राम सोना, चांदी और रत्नजड़ित आभूषण ले गए हैं। जीएसटी और इनकम टैक्स से ब्योरा देने से बचने के लिए पीड़ित ने अभी तक पुलिस को चोरी हुए आभूषणों का ब्योरा नहीं दिया है।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शोरूम के सेल्समैन नितिन वर्मा ने अपने ही पड़ोसी टीटू के साथ तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में चोरी को अंजाम दिया। टीटू एक पिज्जा हट में काम करता है और वारदात को अंजाम देने से पहले परिजनों के मुताबिक खाटूश्याम दर्शन करने की बात कहकर सुबह पांच बजे घर से निकला था। पांच जून को तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में सेल्समैन की नौकरी करने वाले नितिन वर्मा ने बृहस्पतिवार की रात अन्य सेल्समैन, सुरक्षाकर्मी और कैशियर को जन्मदिन की पार्टी देकर आरडीसी स्थित ढाबे पर शराब पिलाई और कैशियर की जेब से चाबी निकालकर तनिष्क शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नितिन ने शोरूम के सेल्समैन की वर्दी में ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया ताकि मामला उजागर होने पर वह कह सके कि वह शोरूम का कर्मचारी है। दोनों की लोकेशन जनपद मेरठ में मिली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि नितिन वर्मा और टीटू ने जनपद मेरठ के सराफा बाजार में एक गहने से चोरी के आभूषण बेचने के लिए सौदा किया है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## इंडस्ट्री में जगह बनाना और टिके रहना आसान नहीं: अद्रिजा रॉय

हाल ही में अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने टेलीविजन इंडस्ट्री की बाहरी चमक-दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। इस बारे में अभिनेत्री ने विस्तार से बताया कि इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना और टिके रहना कतई आसान नहीं है। इसके लिए अपार धैर्य, निरंतर कड़ी मेहनत और अपने कौशल में लगातार सुधार की जरूरत होती है। अद्रिजा रॉय के अनुसार, सिर्फ एक या दो अच्छे प्रदर्शन से रातोंरात सफलता की उम्मीद करना एक भ्रम है, क्योंकि वास्तविक और स्थायी पहचान धीरे-धीरे बनती है। अद्रिजा रॉय ने इंडस्ट्री की तेज गति पर प्रकाश डालते हुए कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम की रफ्तार बेहद तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग पूरी हुई और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टेलीविजन पर प्रसारित हो जाता है। इस तीव्र गति वाले माहौल में कलाकारों को हर समय मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहना पड़ता है, और अपने किरदार को पूरी ऊर्जा व समर्पण के साथ निभाना होता है।



## हिना खान ने फैंस से की अपील

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हिना खान इन दिनों अपनी पूर्व बिग बॉस सह-प्रतिद्वंद्वी शिल्पा शिंदे से जुड़े एक नए विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां दोनों के बीच बिग बॉस के समय से ही कैट फाइट देखने को मिलती रही है, वहीं अब यह मामला सोशल मीडिया तक पहुँच गया है। हाल ही में शिल्पा शिंदे ने दस साल पुराने एक झूठे यौन उत्पीड़न मामले का खुलासा किया, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इस घटनाक्रम के बाद हिना खान को भी इस विवाद से जोड़कर देखा जा रहा था और उन्हें भी कुछ हद तक ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के बीच, हिना खान ने अपने प्रशंसकों से एक भावुक अपील की है। सोशल मीडिया पर एक विस्तृत नोट साझा करते हुए, हिना ने लिखा, हम सभी गलतियाँ करते हैं और समय के साथ हम सीखते हुए विकसित होते हैं। मैंने यहाँ-वहाँ कुछ ट्वीट्स पढ़े हैं और मैंने हमेशा नफरत से ऊपर दयालुता, प्यार और इंसानियत को चुना है।



# जेब खर्च के लिए होटल में नौकरी करनी पडी थी सोनम कपूर को

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की बड़ी बेटी सोनम कपूर आज भले ही देश की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार होती हों, लेकिन उनका शुरूआती सफर चुनौतियों से भरा रहा है। सोनम के फिल्मी परिवार में जन्म लेने के बावजूद, उनके जीवन में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें अपने खर्चों के लिए एक रेस्टोरेंट में छोटी-सी नौकरी करनी पड़ी, और वह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाई।

सोनम कपूर का जन्म 9 जून 1985 को मुंबई के चेंबूर में हुआ था। वह अभिनेता अनिल कपूर और पूर्व मॉडल सुनीता कपूर की बड़ी बेटी हैं। हालांकि, उनका सपना शुरू से अभिनय में आने का नहीं था; उन्हें लेखन और निर्देशन में अधिक रुचि थी। अपनी पढ़ाई के दौरान, जब वह सिंगापुर में थीं, उन्होंने अपने जेब खर्च के लिए एक रेस्टोरेंट में वेट्रेस के रूप में काम किया। यह अनुभव हालांकि बहुत कम समय का रहा, और कुछ ही दिनों बाद उन्हें उस नौकरी से हटा दिया गया। सोनम ने खुद कई इंटरव्यू में इस शुरूआती संघर्ष के बारे में खुलकर बात की है। अभिनय जगत में कदम रखने से पहले, सोनम को अपने बढ़ते वजन से भी जूझना पड़ा था। एक समय उनका वजन लगभग 90 किलो तक पहुंच गया था, और उन्हें पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी हार्मोनल समस्याओं का भी सामना करना पड़ा।

लेकिन उनकी जिंदगी में बड़ा मोड़ तब आया, जब उन्होंने निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ उनकी फिल्म ब्लैक में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। भंसाली ने ही उन्हें अभिनय में आने के लिए प्रेरित किया और वजन कम करने की सलाह दी। सोनम ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ लगभग 35 किलो वजन कम किया और खुद को अभिनय के लिए तैयार किया।

साल 2007 में, सोनम कपूर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसी फिल्म से रणबीर कपूर ने भी अपने करियर की शुरूआत की थी। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही, लेकिन सोनम को नई पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने दिल्ली-6, आई हेट लव स्टोरीज, आयशा, मौसम और प्लेयर्स जैसी कई फिल्मों में काम किया। शुरूआती सालों में उन्हें कुछ असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और प्रयासों में कमी नहीं आने दी। सोनम के करियर में साल 2013 एक महत्वपूर्ण साल साबित हुआ, जब उनकी फिल्म रांझणा रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने खूब सराहा। इसके बाद भाग मिल्खा भाग, खूबसूरत, प्रेम रतन धन पायो, पैडमैन, वीरे दी वेडिंग और संजू जैसी सफल फिल्मों ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। हालांकि, उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में नीरजा को प्रमुख माना जाता है। एयर होस्टेस नीरजा भनोट के वास्तविक जीवन पर आधारित इस फिल्म में सोनम के अभिनय की दर्शकों और समीक्षकों ने जमकर प्रशंसा की। नीरजा के लिए सोनम कपूर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में स्पेशल मेंशन सम्मान मिला, जो उनके अभिनय कौशल की बड़ी पहचान थी। इसके अतिरिक्त, उन्हें फिल्मफेयर क्रिटिक्स बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

# रोहित सलामी बल्लेबाज के तौर पर 16,000 रन बनाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बने

**धर्मशाला, यूटर्न/ 14 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट में अपने 16000 रन पूरे कर लिए। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के दूसरे और विश्व के सातवे खिलाड़ी बन गये हैं। उनसे पहले भारतीय टीम की ओर से इतने रन पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बनाये थे। रोहित का 16000 पर पहुंचने के लिए केवल 6 रन चाहिये थे। रोहित ने मैच में पहला छक्का लगाते ही ये रिकार्ड बना दिया। वह मैच में 16 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच से पहले बतौर सलामी बल्लेबाज उनके नाम 15,994 रन दर्ज थे। रोहित ने अपने 16000 रन अपनी 384वीं अंतरराष्ट्रीय पारी में बनाये हैं। सलामी बल्लेबाजक के तौर पर 16,000 अंतरराष्ट्रीय रनों का आंकड़ा पार करना कोई मामूली बात नहीं है। रोहित अब दुनिया के उन गिने-चुने दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने क्रिकेट जगत पर राज किया है। इस एलीट क्लब में अब रोहित से पहले श्रीलंका के सनथ जयसूर्या, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, वेस्टइंडीज के डेसमंड हेन्स और भारत के वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी शामिल थे। वहीं अगर विश्व क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज सबसे ज्यादा रनों की बात करें तो श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या 19,298 रनों के साथ इस सूची में नंबर एक पर है।




# शुभमन एकदिवसीय में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

**धर्मशाला, यूटर्न/ 14 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में 47 रन बनाते ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में अपने 3000 रन पूरे कर लिए। इसके साथ ही शुभमन के नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गयी है। वह सबसे तेज 3000 एकदिवसीय रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह रिकार्ड केवल 62 पारियों में ही पूरा कर दिया। इसी के साथ ही विश्व भर में सबसे तेज 3000 रन एकदिवसीय रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के हाशिम आमला के नाम दर्ज था। शुभमन ने इस आंकड़े तक पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। अब तक भारत में सबसे तेज इससे 3000 एकदिवसीय रन बनाने के मामले में धवन पहले ही नंबर पर थे। उन्होंने 72 पारियों में यह आंकड़ा हासिल किया था। वहीं शुभमन ने केवल 62 पारियों में अपने 3000 रन पूरे करने के मामले में ध्वन को पीछे छोड़ा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अमेरिका और ईरान के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौते का दावा

## डोनाल्ड ट्रंप बोले- रविवार को ही होंगे हस्ताक्षर

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 14 जून ।**

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनावपूर्ण रिश्तों के बीच एक बहुत बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच एक ऐतिहासिक समझौते पर



रविवार को ही हस्ताक्षर होने जा रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कल यानी रविवार को इस बेहद महत्वपूर्ण डील पर आधिकारिक मुहर लग जाएगी, जिसके तुरंत बाद रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को सभी के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। इस संभावित डील को लेकर मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी सोशल मीडिया पर संकेत दिया था कि अगले 24 घंटों में अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की इस पोस्ट को साझा करते हुए उनकी बात की पुष्टि की है। हालांकि, ईरान के रुख में थोड़ा विरोधाभास देखा गया। शुरूआत में ईरान ने रविवार को ही डील होने की बात से इनकार किया था, लेकिन बाद में ईरानी विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने भी माना कि दोनों देश एक समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दावे में कहा कि ईरान के साथ होने वाला यह नया समझौता उसकी परमाणु हथियार विकसित करने की राह में एक अभेद्य दीवार की तरह काम करेगा। उनके अनुसार, इस ऐतिहासिक कूटनीतिक जीत के बाद ईरान न तो परमाणु हथियार बनाने की इच्छा रखेगा और न ही भविष्य में कभी इसे हासिल कर पाएगा, चाहे वह खरीद के जरिए हो, विकास के जरिए हो या फिर किसी अन्य माध्यम से।

## संक्षिप्त खबरें

### लंदन के साउथहॉल में चाकू के हमले में 26 वर्षीय भारतीय युवक की मौत

**लंदन, यूटर्न/ 14 जून ।** दक्षिण पश्चिम लंदन के साउथहॉल में चाकूबाजी की घटना में 26 साल के भारतीय मूल के युवक की मौत हो गई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलसि ने हत्या की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गुरभेज सिंह के रूप में हुई है। उस पर नॉर्थ रोड पर, डॉर्मर्स वेल्स लेन के जंक्शन के पास हमला किया गया था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि सिंह पर करीब 00:30 बजे नॉर्थ रोड और डॉर्मर्स वेल्स लेन के कोने पर एक दुकान के बाहर हमला हुआ था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, बुधवार को लंदन एम्बुलेंस सर्विस ने इलाके में चाकूबाजी की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और पैरामेडिक्स मौके पर पहुंचे। वहां दो घायल पुरुष मिले। चाकू लगने से घायल गुरभेज सिंह को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

### फिलीपींस में भूकंप से 61 लोगों की मौत, 75 हजार से ज्यादा घर बर्बाद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।** फिलीपींस के दक्षिणी द्वीप मिंडानाओ के तट के पास 8 जून को आए 7.8 तीव्रता के भीषण भूकंप में कम से कम 61 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 लोग अब भी लापता हैं। इस आपदा में 1,403 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी रविवार को फिलीपींस की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इससे पहले एनडीआरआरएमसी ने बताया था कि इस भूकंप से 75,300 से अधिक परिवार यानी करीब 3.46 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 45,000 से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा, जबकि 12,600 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

# जेलेंस्की का दावा: जहां से शुरू हुआ वहीं लौट रहा युद्ध, रूस के अहम ठिकानों पर किए घातक हमले



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 जून ।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस की ओर से युद्ध समाप्त करने से इनकार करने के जवाब में यूक्रेनी सेना ने रूस पर हमले किए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य रूस पर दबाव बढ़ाना और उसे युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर करना है।

जेलेंस्की के मुताबिक, यूक्रेनी सेना ने रूस और रूस के कब्जे वाले इलाकों में कई महत्वपूर्ण सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर सफल लंबी दूरी के हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अब युद्ध वहीं लौट रहा है, जहां से इसकी शुरूआत हुई थी।

यूक्रेन के राष्ट्रपता वोलोदमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडयिा प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पोस्ट में कहा, ह्यह्लहमारे सैनिकों ने रूस और यूक्रेन के अस्थायी रूप से कब्जे वाले इलाकों में मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर लंबी दूरी के हमले करके अच्छे परिणाम हासिल किए हैं ।ह्लह्ल

जेलेंस्की ने कहा कि हमारी सीमा से 700 किलोमीटर से भी अधिक दूर, रूस के यारोस्लाव्ल क्षेत्र में एसएसयू के सैनिकों ने एक ऐसे तेल भंडारण केंद्र को निशाना बनाया जो आक्रामक राज्य के रणनीतिक भंडार के लिए महत्वपूर्ण था।

जेलेंस्की ने दावा करते हुए कहा, ह्यह्लहमारी सेना ने रूस के तुला क्षेत्र में भी अपने लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। इनमें ह्यअजोटह्ल प्लांट भी शामिल है, जिसका संचालन विस्फोटक बनाने की रूस की क्षमता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ।ह्लह्ल

जेलेंस्की के अनुसार, इन हमलों के बाद रूस के छह हवाई अड्डों पर हवाई यातायात संबंधी प्रतिबंध लगाए गए और कल शाम से अब तक रूस के 28 क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि यूक्रेन के अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों में भी कब्जा करने वाली सेना की सैन्य लॉजिस्टिक्स सुविधाओं पर सफल हमले किए गए।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस की ओर से युद्ध समाप्त करने से इनकार करने के जवाब में यूक्रेन रूस के खिलाफ अपनी लंबी दूरी की कार्रवाई की योजना और मध्यम दूरी के हमलों से जुड़े निर्धारित कार्यों को जारी रखे हुए है।

उन्होंने कहा कि हमने रूसी नेतृत्व को बातचीत के लिए हर संभव तरीका और अवसर दिया, लेकिन जवाब में हमें केवल लगातार आक्रामकता और उसे और बढ़ाने की कोशिशें ही मिलीं। अब युद्ध वापस उस ओर लौट रहा है जहां से इसकी शुरूआत हुई थी।



# आज तीन लाख से ज्यादा भारतीय समुद्री क्षेत्र में काम कर रहे, मंडरा रहा खतरा

**तेहरान, यूटर्न/ 14 जून ।** ईरान युद्ध के दौरान अलग-अलग हमलों में छह भारतीय नाविकों की मौत हो चुकी है। इममें से तीन नाविकों की मौत बुधवार को ओमान के पास अमेरिकी नौसेना के हमले में हुई। भारत ने इन हमलों को लेकर अमेरिका के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हालांकि, बड़ी संख्या में भारतीय नाविकों की मौजूदगी के कारण खतरा अब भी बना हुआ है। भारत ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि बुधवार को ओमान तट के पास एक टैंकर पर अमेरिकी नौसेना के हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। ये नाविक अमेरिकी हमले के बाद से लापता थे। अब शिपिंग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने पुष्टि की है कि तीनों क्रू मेंबर्स के शव बरामद किए गए हैं और उनकी पहचान कर ली गई है। भारत ने इस हमले को लेकर अमेरिकी डिप्टी चीफ ऑफ मिशन को तलब कर कड़ा विरोध जताया है। अमेरिका ने मोटर टैंकर सेट्टेबेलो पर बुधवार को हुए हमले की पुष्टि करते हुए दावा किया था कि इस जहाज ने आदेश मानने से इनकार किया और घेराबंदी को तोड़ा।

# पाकिस्तान ने बजट में जनता को नहीं दी राहत, सेना खर्च में की भारी बढ़ोतरी

## महंगाई की मार झेल रही जनता हुई बागी, सरकार कर रही गधों का मांस बेचने की तैयारी

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 14 जून ।**

डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए चीन को गधों का मांस और खाल बेचने की प्लानिंग करने वाले पाकिस्तान ने अपने बजट में जनता को राहत देने के बजाय सेना की झोली भर दी है। शहबाज सरकार ने साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान के रक्षा बजट में करीब 18 फीसदी की भारी-भरकम बढ़ोतरी करते हुए इसे 3 लाख करोड़ रुपए कर दिए हैं। इस फैसले ने पहले ही जल रहे पाकिस्तान की आग में घी डालने का काम किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीओके और बलूचिस्तान में पहले से ही जारी बगावत की आग अब राजधानी इस्लामाबाद की सड़कों तक पहुंच गई है, जहां महंगाई की मार झेल रही जनता का गुस्सा सरकार के खिलाफ हिंसक रूप में फूट पड़ा है। जनता सवाल पूछ रही है कि जिस देश की आवाम जरुरी चीजों के लिए तरस रही है, वहां की सरकार की प्राथमिकताएं हथियार कैसे हो




सकते हैं? पाकिस्तान सरकार ने जो 'आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26' पेश किया है, उसमें उन्होंने अपनी गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए बकायदा 'गधों के मांस और खाल के निर्यात' को एक बड़ा जरिया बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में गधों की आबादी बढ़कर 62 लाख हो चुकी है और अब वे चीन को गधे बेचने की तैयारी कर रहे हैं। नेशनल असेंबली में वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने सेना को खुश करने के लिए बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा डिफेंस के नाम कर दिया है। इस बार का कुल रक्षा बजट 3 लाख करोड़ रुपए है, जो पिछले साल के 2.595 लाख करोड़ रुपए से 405 अरब रुपए ज्यादा है। ये पूरा रक्षा बजट पाकिस्तान के कुल बजट का करीब 15फीसदी हिस्सा है।

# सोमालीलैंड को मान्यता के बाद, पहली बार राष्ट्रपति अब्दुल्लाही इजरायल दौरे पर

» **तेल अवीव, यूटर्न/ 14 जून ।**

सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही पत्नी फरदौसा मोहम्मद रोबल रविवार को एक ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर इजरायल में होंगे। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में इसका दावा किया गया है। वहीं सोमालीलैंड के डिप्लोमैट इस्माइल शिराक ने भी इसका संकेत सोशल मीडिया पर दिया।

'द यरूशलम पोस्ट' के अनुसार, यह किसी सोमालीलैंड राष्ट्राध्यक्ष की इजरायल की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। साथ ही, दिसंबर 2025 में यरूशलम द्वारा औपचारिक रूप से सोमालीलैंड की स्वतंत्रता को मान्यता दिए जाने के बाद यह पहला उच्चस्तरीय दौरा भी होगा। सोमालिया से अलग होकर स्वयं को स्वतंत्र घोषित करने वाले क्षेत्र सोमालीलैंड को मान्यता देने वाला पहला देश इजरायल ही था।

# इबोला संकटः डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में 710 मामले सामने आए, अब तक 149 की मौत



**किंशासा, यूटर्न/ 14 जून ।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला के कन्फर्म मामलों की संख्या बढ़कर 710 हो गई है, जिनमें 149 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस बीमारी में मृत्यु दर 21.0 प्रतिशत है। कुल 324 मरीज या तो आइसोलेशन में हैं या अस्पताल में भर्ती हैं जबकि 35 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही लॉकडाउन की अफवाहों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने खारिज कयिा। मंत्रालय ने कहा कि सरकार, प्रांतीय प्रशासन, सहयोगी संस्थाएं और स्थानीय समुदाय मिलकर लगातार स्वास्थ्य संबंधी कदम उठा रहे हैं, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके और लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। समाचार एजेंसी सन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जमीन पर काम कर रही टीमें बीमारी की निगरानी, मरीजों का इलाज, संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग, लक्षित टीकाकरण, जोखिम के बारे में जानकारी फैलाना और समुदाय के साथ संवाद जैसे काम कर रही हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *